Title: Need to review decision to import Garlic.

डॉ.लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : महोदय, उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जहां लहसुन का उत्पादन भारी मात्रा में होता है, वहीं राजस्थान व मध्य प्रदेश भी प्रमुख उत्पादक राज्य हैं। मध्य प्रदेश के उज्जैन, रतलाम, मंदसौर व नीमच जिले में लहसुन का भारी मात्रा में उत्पादन होता है तथा इस पर आधारित कई पाउडर बनाने की इकाइयां भी इसका पाउडर बनाकर औाधियों के निर्माण में काम में लाई जाती हैं तथा घरों में भी इसका उपयोग होता है। इसका बाहर निर्यात भी होता था, किन्तु इस बार चीन से भारी मात्रा में लहसुन का आयात हो रहा है जिसके कारण किसानों को इसका उचित मूल्य न मिलने के कारण भारी हानि हो रही है। मध्य प्र ादेश के नीमच, मंदसौर जिले के कृाक तथा उत्तर प्रदेश के कृाक वर्तमान में जिस प्रकार से चीन से लहसुन के भारी आयात से चिन्तित हैं तथा बाजार में लहसुन का उठाव न होने से और भी हानि होने की स्थिति है। निर्यात पर भी असर हुआ है ।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि लहसुन उत्पादक लाखों कृाकों की सुरक्षा की दृटि से लहसुन के आयात पर पुनर्विचार करें और किसानों में व्याप्त असंतोा व चिन्ता को दूर करें।